>Title: Presented the Intrim Railway Budget for 1998-99. 13.28 hrs.

*m01

रेल मंत्री (श्री नीतीश कुमार): अध्यक्ष महोदय, मैं भारतीय रेलवे के वर्ष १९९८-९९ की अनुमानित प्राप्तियों और खर्च का ठवार्षिक वित्तीय विवरण' पेश करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

... (व्यवधान)

यह अनुमान १९९८-९९ के पूरे वित्त वर्ष के लिए हैं। लेकिन १९९८-९९ की मांगों पर बहस के लिए समय बहुत कम है।

... (व्यवधान)

इसलिए मैं इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के लिए इस अनुमानित खर्च की मांग करने के लिए सदन से लेखानुदान प्रदान करने का निवेदन करूंगा।

... (व्यवधान)

शेष अवधि के खर्च की स्वीकृति अलग से ली जाएगी।

१९९६-९७ में निष्पादन की समीक्षा

२. अब मैं पिछले पूरे हुए वित्त वर्ष १९९६-९७ के परिचालनिक परिणामों का संक्षेप में वर्णन करना चाहूंगा।

... (व्यवधान)

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमार: अध्यक्ष महोदय, रेलवे ने वर्ष १९९६-९७ के दौरान ४०९.०२ मिलियन टन राजस्व उपार्जक माल यातायात का लदान किया जो १९९५-९६ में किए गए लदान से १८.३३ मिलियन टन अधिक था अर्थात इसमें ४.७ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

... (व्यवधान)

यात्री यातायात में ३.८ प्रतिशत की वृद्धि हुई। खर्च की तुलना में प्राप्तियों का 'आधिक्य' सुधर कर बजट से २०१ करोड़ रुपये अधिक हो गया। १९९६-९७ के लिए बजट अनुमान ८,१३० करोड़ रुपये था जिसे संशोधित अनुमान में बढ़ाकर ८,३०० करोड़ रुपये कर दिया गया।

... (व्यवधान)

13.29 hrs.

(At this stage, Dr. Shafiqur Rahman Barq and some other hon. Members came

and stood on the floor near the Table.)

MR. SPEAKER: Please go back to your seats.

... (Interruptions)

---

* Also placed in the Library. See No. LT-16/98.

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमारः इसकी तुलना में वास्तविक खर्च ८,३१० करोड़ रुपये हुआ।

संशोधित अनुमान १९९७-९८

३. वर्ष १९९७-९८ के लिए ४३० मिलियन टन राजस्व उपार्जक माल यातायात का रखा गया था।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please go back to your seats.

... (Interruptions)

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमारः रेलवे को आशा है कि वे अपने इस लक्षय को प्राप्त करने में सफल होगी क्योंकि फरवरी, १९९८ के अंत तक रेलवे ने ३८७.३५ मिलियन टन का लदान किया है जो कि इस महीने तक के प्रत्याशित लक्षय ३८६.४० मिलियन टन से अधिक है। इसके साथ-साथ, यात्री यातायात में ५ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सफल यातायात प्राप्तियां

४. चालू वित्त वर्ष में आमदनी का रुख उत्साहजनक रहा है। इसलिए, संशोधित अनुमान में १,००० करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है। चूंकि बिजली क्षेत्र से पुरानी बकाया राशियों की वसूली उत्साहजनक नहीं रही है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please go back to your seats.

... (Interruptions)

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमारः इसलिए सकल यातायात प्राप्तियों में केवल ८०० करोड़ रुपये की वृद्धि की आशा है।

संचालन व्यय

५. जैसा कि सदन को ज्ञात है, पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों पर सरकार के निर्णय को १९९७-९८ में लागू किया गया है। रेलवे ने इस खर्च को पूरा करने के लिए साधारण संचालन व्यय में ३,३०० करोड़ रुपये की व्यवस्था की थी। आंशिक बकाया राशियों का भुगतान अगले वर्ष तक आस्थागित करने के सरकार के फैसले के कारण , संशोधित अनुमानों में २,६९४ करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कुछ बजट उपरान्त कारणों की वजह से जैसे डीजल की कीमतों तथा बिजली की दरों में वृद्धि, उत्पादकता सम्बद्ध बोनस का अधिक भुगतान, पट्टा प्रभारों तथा बाढ़ आदि से प्रभावित हुए रेल पथ की मरम्मत के कारण इस मद में २८४ करोड़ रुपये की कमी होने की आशा है। परन्तु रेलवे को ९७-९८ के बजट अनुमानों में की गई २,२०० करोड़ रुपये पेंशन संबंधी व्यवस्था के अतिरिक्त, इस मद में दायित बढ़ जाने के कारण १,१६७ करोड़ रुपये की और अधिक व्यवस्था भी करनी पड़ी है।

... (व्यवधान)

1332 hrs.

(At this stage, Dr. Shafiqur Rahman Barq and some other hon. Members

went back to their seats.)

... (Interruptions)

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमारः इसके अलावा, मूल्य ह्रास आरक्षित निधि में ९६ करोड़ रुपये की कम जरूरत है। इन सब कारणों से, कुल संचालन व्यय २५,१३५ करोड़ रुपये से बढ़कर २५,९२२ करोड़ रुपये हो गया जो कि ७८७ करोड़ रुपये अधिक है।

. इन कमी-बेशियों और शुद्ध विविध प्राप्तियों में मामूली परिवर्तन के कारण शुद्ध राजस्व ३,०१६ करोड़ रुपये है जबकि बजट अनुमान में यह ३,००४ करोड़ रुपये था।

७. १९९७-९८ के बजट अनुमान मैं लाभांश के भुगतान के लिए १,६३० करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई थी। १९९५-९६ और १९९६-९७ के वर्षों से संबंधित कुछ समायोजनों के कारण इसे घटाकर १,५४६ करोड़ रुपये कर दिया गया है।

८. इन परिवर्तनों से बजट में प्रत्याशित १,३७४ करोड़ रुपये की तुलना में १,४७० करोड़ रुपये के 'आधिक्य' के प्राप्त होने की आशा है। इसे 'पूंजी निधि' और 'ि वकास निधि' में विनियोजित किया जा रहा है। ....(

Interruptions)

MR. SPEAKER: First of all, you please be seated.

... (Interruptions)

SHRI NITISH KUMAR (BARH)

श्री नीतीश कुमार : वार्षिक योजना १९९७-९८

. वर्ष १९९७-९८ के लिए रेलवे के विकास कार्यक्रम में कुल ८,३०० करोड़ रुपये के परिव्यय की योजना थी। ८,४०३ करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान में सामान्य राजकोष से पूंजी में १७० करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है और बाजार ऋण के जरिए ३७० करोड़ रुपये अधिक जुटाए गए हैं, लेकिन निजी निवेश में कमी रही है।

बजट अनुमान १९९८-९९

सकल यातायात प्राप्तियां

मैं अब वर्ष १९९८-९९ के बजट अनुमानों की चर्चा करना चाहूंगा। माल भाड़ा दरों और यात्री किरायों के मौजूदा स्तर पर इस वर्ष के लिए सकल यातायात प्राप्तियां ३१,०२२ करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो चालू वर्ष के सोशोधित अनुमान की तुलना में लगभग २,३६७ करोड़ रुपये अधिक है। इस वृद्धि का आधार यात्री यातायात में ५ प्रतिशत की वृद्धि और ४५० मिलियन टन का प्रारंभिक लदान है जो कि १९९७-९८ के लक्षय से २० मिलियन टन अधिक है।

साधारण संचालन व्यय

. साधारण संचालन व्यय का अनुमान २३,३७० करोड़ रुपये रखा गया है जो कि चालू वर्ष के सोशोधित अनुमानों से लगभग २,७१९ करोड़ रुपये अधिक है। इसमें सामान्य बढ़ोत्तरियों और १९९८-९९ तक आस्थागित कर दी गई बकाया राशियों के भुगतान शामिल हैं।

पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण बढ़े हुए पेंशन भुगतानों को पूरा करने के लिए पेंशन निधि में ४,००० करोड़ रुपये का विनियोजन किया गया है जो कि १९९७-९८ के संशोधित अनुमानों से ६३३ करोड़ रुपये अधिक है। मूल्यह्रास आरक्षित निधि में १,५०० करोड़ रुपये का अंशदान रखे जाने का प्रस्ताव है।

१३. सकल संचालन व्यय २८,८७० करोड़ रुपये बनता है जिससे २,१५२ करोड़ रुपये की शुद्ध यातायात प्राप्तियां बच रहेंगी। शुद्ध विविध प्राप्तियों के जरिए भी ३५९ करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है इस प्रकार शुद्ध राजस्व २,५११ करोड़ रुपये रखा गया है।

वित्तीय परिणाम १९९८-९९

वर्ष १९९८-९९ के लिए सामान्य राजस्व को देय लाभांश का हिसाब अनंतिम रूप से १९९७-९८ के लिए अपनाए गए आधार के अनुसार ही लगाया गया है। सामान्य राजस्व को १,७५६ करोड़ रुपए के लाभांश का भुगतान करने के बाद ७५५ करोड़ रुपए के 'आधिक्य' का अनुमान है।

वार्षिक योजना १९९८-९९

१९९८-९९ की वार्षिक योजना अनंतिम रूप से ८,३०० करोड़ रुपए पर रखी गई है। मेरा प्रयास रहेगा कि योजना परिव्यय को बढ़ाया जाए ताकि निवेश की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके।

महोदय, रेल परिवहन ऊर्जा के उपयोग की दृष्टि से बहुत ज्यादा किफायती है और सड़क परिवहन की तरह यह पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचाता है। इसके बावजूद, भूतल परिवहन में रेलों कि हिस्सा निरन्तर कम होता जा रहा है। इस अवांछनीय रुख को रोकने की जरूरत है। पूरी दुनिया में रेल परिवहन में नए सिरे से दिलचस्पी ली जा रही है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि भारतीय रेलों को और अधिक कारगर बनाया जाए ताकि वे माल और यात्री, दोनों प्रकार के परिवहन में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें।

महोदय, भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के गतिशील नेतृत्व में काम करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है और रेल परिवार के प्र ामुख के रूप में भी मैं गौरव का अनुभव कर रहा हूं।

... (व्यवधान)

इसमें क्या एतराज की बात आपको लग रही है। मैं तो आप सब लोगों से आग्रह करूंगा कि आप लोग सब अगले पांच साल तक पूरा समर्थन दीजिए। आप यहां रहना चाहते हैं तो पूरा समर्थन इधर दे दीजिए।

... (व्यवधान)

रेल कर्मचारियों की सभी स्तरों पर कर्तव्य के प्रति संपूर्ण निष्ठा से सम्मानित सदन निःसंदेह सहमत होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि रेलवे को अपने लक्षय की प्र ाप्ति के लिए सदन और रेल उपयोगकर्ताओं का पूरा समर्थन मिलता रहेगा।